हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 संजय मार्केट नाला निर्माण में लापरवाही निगम आयुक्त ने ठेकेदार को लगाई फटकार





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

### हर महीने औसतन 15 से ज्यादा बच्चे हो रहे लापता, बरामदगी में भी टॉप-5 में शामिल

# हर दूसरे दिन लापता हो रहा एक बच्चा, गुमशुदगी में रायगढ़ प्रदेश का पांचवां सबसे संवेदनशील जिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में बच्चों के गुम होने की घटनाएं लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। पिछले दो वर्षों और साल 2026 के शुरुआती छह महीनों के आंकड़े बताते हैं कि रायगढ़ जिला गुमशुदा बच्चों के मामलों में प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में बना हुआ है। हालांकि पुलिस अधिकांश बच्चों को बरामद करने में सफल रही है, लेकिन हर महीने औसतन 15 से 16 बच्चों के लापता होने का आंकड़ा सामाजिक और प्रशासनिक दोनों स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

एक बच्चे का गुम होना केवल पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज एक मामला नहीं, बल्कि पूरे परिवार की दुनिया उजड़ जाने जैसा होता है। रायगढ़ जिले में बच्चों की गुमशुदगी चिंता का विषय बनी हुई है। जिले में हर साल औसतन 180 से अधिक बच्चे लापता हो रहे हैं, यानी लगभग हर दूसरे दिन एक नया मामला सामने आता है। हालांकि पुलिस अधिकांश बच्चों को सुरक्षित बरामद करने में सफल हो रही है, फिर भी हर गुमशुदगी परिवारों के लिए बेचैनी, भय और अनिश्चितता का लंबा दौर लेकर आती है। हर दस्तक पर उम्मीद, हर फोन कॉल पर बेचैनी और हर बीतता दिन अपनों की चिंता को और गहरा कर देता है। हर गुमशुदा बच्चा अपने पीछे रोते-बिलखते माता-पिता, टूटती उम्मीदें और बेचैन इंतजार छोड़ जाता है। आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2024 में रायगढ़ जिले से कुल 156 बच्चे, जिसमें 19 बालक और 137 बालिकाएं लापता हुई थी। इनमें से 18 बालक और 136 बालिका यानी कुल 154 बच्चों को बरामद कर लिया गया। इसी तरह वर्ष 2025 में बच्चों की गुमशुदगी का यह आंकड़ा बढ़कर 171 पहुंच गया। इस साल जिसमें 32 बालक और 139 बालिकाएं लापता हुईं, जबकि 30 बालक और 135 बालिका यानी कुल 165 बच्चों को बरामद किया गया। वहीं वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 25 जून तक ही 121 बच्चे गुम हुए, जिसने 18 बालक और 103 बालिकाएं शामिल हैं। जबकि 89 बच्चों को बरामद किया जा चुका है। बरामद किए गए बच्चों में 12 बालक और 77 बालिका शामिल हैं।

### गुमशुदगी के पीछे अक्सर यह होते हैं प्रमुख कारण

विशेषज्ञों और पुलिस के अनुसार बच्चों के गुम होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें पारिवारिक विवाद, डांट-फटकार के बाद घर छोड़ देना, सोशल मीडिया के जरिए अनजान लोगों के संपर्क में आना, प्रेम संबंध, ऑनलाइन गेम और इंटरनेट का प्रभाव, रोजगार या बेहतर जीवन का लालच, मानव तस्करी, बाल श्रम तथा किशोरावस्था में गलत संगत प्रमुख हैं। कई मामलों में बच्चे बिना बताए दोस्तों या रिश्तेदारों के पास चले जाते हैं, जबकि कुछ मामलों में उन्हें बहला-फुसलाकर ले जाया जाता है। पुलिस का मानना है कि अभिभावकों की सतर्कता, बच्चों से संवाद और डिजिटल गतिविधियों पर निगरानी ऐसी घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### वर्षवार गुमशुदा एवं बरामद बच्चे

| वर्ष | रायपुर | बिलासपुर | दुर्ग | जांजगीर-चांपा | रायगढ़ |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 (गुमशुदा) | 597 | 383 | 313 | 268 | 156 |
| 2024 (बरामद) | 505 | 334 | 293 | 222 | 154 |
| 2025 (गुमशुदा) | 632 | 426 | 343 | 298 | 171 |
| 2025 (बरामद) | 448 | 369 | 323 | 254 | 165 |
| 2026 (गुमशुदा) | 349 | 241 | 145 | 173 | 121 |
| 2026 (बरामद) | 181 | 170 | 123 | 136 | 089 |

### फैक्ट फाइल
#### जिले में तीन वर्षों की स्थिति

| वर्ष | गुमशुदा | बरामद | बरामदगी |
|---|---|---|---|
| 2024 | 156 | 154 | 98.7% |
| 2025 | 171 | 165 | 96.5% |
| 2026 | 121 | 89 | 73.6% |
| कुल | 448 | 408 | 91.1% |

### चमचमाती कार में पहुंचे थे जुआ खेलने, फड़ पर पुलिस की दबिश

**रायगढ।** छाल पुलिस ने बीते रात्रि जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए रायगढ़-कोरबा बॉर्डर स्थित ग्राम धसकामुड़ा में मेला स्थल के बाहर संचालित जुए 5 फड़ पर दबिश देकर 33 जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान जुआ खेलने एवं खिलाने के लिए पहुंचे जहां 90 लाख की कीमती 7 कार सहित जुआ फड़ से 57 हजार 140 नगद तथा 5 गैस लाइट जब्त की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि पकड़े गए जुआरी घरघोड़ा, तमनार, डभरा एवं जैजैपुर क्षेत्र के निवासी हैं, जो धसकामुड़ा बस्ती के छोर पर एकत्र होकर बड़े पैमाने पर खुडखुडिया जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध घेराबंदी कर सभी खुडखुडिया जुआ खेलने और खिलाने वालों को मौके से गिरफ्तार किया। इस मामले में छाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार 33 आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत अलग-अलग पाँच प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## खबर संक्षेप

### रायगढ़ होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें होगी प्रभावित

**रायगढ़।** हावड़ा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या.24 के कमीशनिंग कार्य के चलते 24 से 27 जुलाई तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस अवधि में कुछ ट्रेनें हावड़ा स्टेशन की बजाय सांतरागाछी या शालीमार स्टेशन से प्रारंभ होंगी अथवा वहीं समाप्त होंगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 24 और 25 जुलाई को हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, शालीमार स्टेशन से रवाना होगी। वहीं 24 और 25 जुलाई को सीएसएमटी हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस, सांतरागाछी में समाप्त होगी, जबकि 25 और 26 जुलाई को हावड़ा सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रे सांतरागाछी से चलेगी। इसके अलावा 24 जुलाई को सीएसएमटी हावड़ा मेल, सांतरागाछी में समाप्त होगी तथा 25 और 26 जुलाई को हावड़ा सीएसएमटी मेल, सांतरागाछी से रवाना होगी।

### तांबे का वायर चुराने वाला गिरोह पकड़ाया

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गैलेक्सी मॉल के पीछे लगे बिजली ट्रांसफार्मर से लगातार हो रही अर्थिंग वायर चोरी का खुलासा करते हुए दो महिलाओं, चोरी का माल खरीदने वाले एक युवक और दो विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 12 किलोग्राम तांबे का अर्थिंग वायरए जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपए बताई गई हैए बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को गैलेक्सी मॉल के एकाउंटेंट शिव राज कुमार साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 जुलाई की सुबह ट्रांसफार्मर से जुड़ा करीब 10 मीटर लंबा अर्थिंग वायर चोरी हो गया था। शिकायत पर कोतवाली थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने बजरंगपारा निगम कॉलोनी निवासी निशा सारथी और रजनी सारथी के साथ मिलकर चोरी करना तथा चोरी का तांबे का वायर गुड्डू उर्फ रमेश सारथी को बेचने की बातें स्वीकार की। पुलिस ने गुड्डू उर्फ रमेश सारथी के कब्जे से चोरी गया पूरा तांबे का अर्थिंग वायर बरामद कर लिया। इसके बाद दोनों महिला आरोपियों और चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षक नहीं

**रायगढ़।** शहर के आत्मानंद शासकीय प्राथमिक विद्यालय नटवर स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से एलकेजी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसे लेकर अभिभावकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में तत्काल शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अन्य स्कूलों में बच्चों की पढाई शुरू हो चुकी है, लेकिन यहां पढाई पूरी तरह से ठप है । ज्ञापन में बताया गया है कि अभिभावकों ने अपने बच्चों का प्रवेश लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से शासकीय प्राथमिक विद्यालय नटवर स्कूल में कराया है । चयन होने के बावजूद अब तक विद्यालय में शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के कारण नियमित शिक्षण कार्य शुरू नहीं हो पाया है । इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो रही है । अभिभावकों का कहना है कि इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य से चर्चा की गई थी।



## सर्व आदिवासी समाज सहित युवाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जंतर मंतर की तर्ज पर सोमवार को सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले समाज के लोगों सहित युवाओं ने सोनम वांगचुक का समर्थन करते हुए अंबेडकर चौक से रैली निकाली और कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां उन्होंने घेराव करते हुए पेपर लीक पर उचित कार्रवाई व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान कांग्रेस के नेता भी इनका साथ देते नजर आए।

राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक द्वारा नीट सहित अन्य परीक्षा के लीक होने के मामले में उचित जांच व दोषियों पर कार्रवाई सहित केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार 20 दिनों से आमरण अनशन किया जा रहा था। इस दौरान काकरोच जनता पार्टी द्वारा उनका समर्थन करते हुए भारी संख्या में जंतर-मंतर पर युवाओं की भीड एकत्र थी। बीते दिनों सोनम वांगचुक की हालत को देखते हुए उन्हें शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब से यह आंदोलन लगातार और तेज होता नजर आ रहा है। इसी कडी में रायगढ में भी सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले आदिवासी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित युवाओं और कांग्रेस नेता ने सोमवार को अंबेडकर चौक से प्रदर्शन शुरू किया और रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य के खिलवाड करने का आरोप लगाते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि धमेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते हुए लगातार पेपर लीक होने के मामले सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दोषियों पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। लगातार हो रहे पेपर लीक की वजह से रात दिन एक कर पढाई करने वाले युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उनकी मेहनत पर पानी फेरने का काम केन्द्र सरकार कर रही है। पेपर लीक की वजह से ही आहत होकर कई बच्चों ने आत्महत्या तक कर ली है। सोमवार को आयोजित इस प्रदर्शन में युवाओं के हाथ में सोनम वांगचुक के समर्थन में पोस्टर भी नजर आए, साथ ही लगातार उनके समर्थन नारेबाजी करते दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जब उनकी यह तीन मांगे पूरी नहीं की जाती हैं, तब तक उनका यह प्रदर्शन अलग अलग चरणों में जारी रहेगा।

## पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भांडाफोड़, 5 चोरों के साथ चोरी की मोटर साइकिल खरीदने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



साइबर और थाना कोतवाली–चक्रधरनगर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5 बाइक चोरों और चोरी की बाइक खरीदने वाले 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस को सूचना मिली कि सत्तीगुड़ी चौक निवासी आयुष दास महंत के पास चोरी की मोटरसाइकिल है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों से 3 मोटर साइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में उसने बताया कि तीन सप्ताह पूर्व सत्तीगुड़ी चौक से चोरी की गई मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 एएच 2258 को उसने संबलपुरी निवासी दशरथ खड़िया को 3 हजार में बेच दिया था। वहीं 7 जुलाई की रात उसने विष्णु राठिया और जलधर कुंवर के साथ मिलकर प्रार्थी की मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसके बाद 10 जुलाई की रात उसने अमन खड़िया और अमित भोय के साथ मिलकर चक्रधरनगर क्षेत्र के सिग्नल चौक से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 जे 4850 चोरी कर उसे संबलपुरी निवासी नरसिंग चौहान को बेच दिया। चोरी बाइक के संबंध में सत्तीगुड़ी चौंक से चोरी बाइक पर थाना कोतवाली में धारा 303(2) तथा सिग्नल चौंक से चोरी बाइक के संबंध में थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आयुष दास महंत की निशानदेही के आधार पर उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दशरथ खड़िया के कब्जे से एक मोटरसाइकिल तथा विवेचना के दौरान तीसरी चोरी की बाइक चक्रधरनगर पुलिस ने चोरी की बाइक के खरीददार आरोपी नरसिंग चौहान के घर दबिश देकर बरामद किया गया । पूछताछ एवं साक्ष्यों के आधार पर आयुष दास महंत, विष्णु राठिया, जलधर कुंवर, अमन खड़िया, अमित भोय तथा चोरी की बाइक खरीदने वाले दशरथ खड़िया, नरसिंग चौहान को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी नरसिंग चौहान ने अपने मेमोरेंडम कथन में उसने बताया कि उसका परिचित आयुष दास महंत करीब 4-5 दिन पहले उसके पास आया था और बताया कि उसने एक मोटरसाइकिल चोरी की है तथा उसका नंबर प्लेट भी बदल दिया है। आयुष ने पैसों की जरूरत बताते हुए मोटरसाइकिल उसके पास रख दी और बदले में उससे 4 हजार 700 रूपए लिए। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की। चोरी की संपत्ति अपने पास रखने एवं खरीदने के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### बाबाधाम जाने को चलेगी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

**रायगढ़।** श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम मधुपुर जाने वाले रायगढ़ और आसपास के श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने विशेष सुविधा शुरू की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मधुपुर के बीच श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अगस्त माह में दोनों दिशाओं में पांच.पांच फेरे लगाएगी और रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 08895 प्रत्येक शनिवार 1 अगस्त से 29 अगस्त तक इतवारी से रवाना होगी। यह ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पर दोपहर 1:51 बजे पहुंचेगी और 1:53 बजे रवाना होगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 08896 प्रत्येक रविवार 2 अगस्त से 30 अगस्त तक मधुपुर से चलेगी और रायगढ़ स्टेशन पर रात 12:55 बजे पहुंचेगी तथा 12:57 बजे प्रस्थान करेगी।

## क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को ऑटो में बैठा रहे चालक, पुलिस ने चलाया जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



यातायात पुलिस ने स्कूल ऑटो वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान शुरू किया है। हाल के दिनों में ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने पहले जागरूकता और अब सख्त प्रवर्तन की रणनीति अपनाई है।

गौरतलब है कि बीते दिनों डीएसपी ट्रैफिक ने अपने कार्यालय में स्कूल प्रबंधन के प्रतिनिधियों एवं ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेकर बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की थी। इस बैठक में ऑटो चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में नहीं बैठाने को लेकर सख्त निर्देश दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्कूल प्रबंधन से भी अपील की गई थी कि यदि कोई ऑटो चालक बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करता है तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस को देने की बात कही गई। ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। डीएसपी ट्रैफिक ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच के दौरान कोई ऑटो चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के अगले ही दिन से यातायात पुलिस ने शहर में स्कूली ऑटो वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। यातायात थाना प्रभारी रोहित बंजारे एवं उनकी टीम ने विभिन्न स्थानों पर जांच करते हुए ऑटो चालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा ओवरलोडिंग नहीं करने की सख्त हिदायत दी।

### ग्रामीण आबादी भूमि के अधिकार अभिलेख तैयार करने में तेजी लाने पर दिया जोर

# 884 गांवों के लोगों को मिलेगा पट्टा, मैप की हो रही है जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर ने आज अधिकारियों की बैठक ली। इसमें बताया गया कि जिले के 721 ग्रामों में सर्वे ऑफ इंडिया से द्वितीय चरण मैप.2 प्राप्त हो चुका है। इनमें से 619 ग्रामों में प्रारंभिक प्रकाशन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी हैए जबकि शेष 102 ग्रामों में यह कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार 88 ग्रामों में अंतिम प्रकाशन पूर्ण होने के बाद 2,991 अधिकार अभिलेख तैयार किए जा चुके हैं। जिले में सूची प्राप्त न होने वाला कोई भी ग्राम शेष नहीं है।

तहसीलवार समीक्षा में बताया गया कि रायगढ़ तहसील में 118 ग्रामों में मैप.2 प्राप्त हुआ है, जिनमें 105 ग्रामों में प्रारंभिक प्रकाशन तथा 11 ग्रामों में अंतिम प्रकाशन पूर्ण कर 631 अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं। पुसौर में 132 ग्रामों में मैप.2 प्राप्त होने के बाद 94 ग्रामों में प्रारंभिक तथा 6 ग्रामों में अंतिम प्रकाशन पूर्ण कर 246 अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं। खरसिया में 128 ग्रामों में मैप.2 प्राप्त हुआ है, जहां 125 ग्रामों में प्रारंभिक किया गया है । धरमजयगढ़ में 71 ग्रामों में मैप.2 प्राप्त होने के बाद 65 ग्रामों में प्रारंभिक एवं 26 ग्रामों में अंतिम प्रकाशन कर 652 अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं। कापू तहसील में 41 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन पूर्ण करते हुए सर्वाधिक 1,293 अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं। अन्य तहसीलों में भी कार्य निरंतर प्रगति पर है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिले के कुल 892 ग्रामों में से 884 ग्रामों का ड्रोन सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। इनमें से 863 ग्रामों का सत्यापन कर सर्वे ऑफ इंडिया को उपलब्ध कराया जा चुका है। शेष ग्रामों में सत्यापन एवं तकनीकी प्रक्रियाएं जारी हैं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण नागरिकों को उनकी आबादी भूमि का वैध अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे ग्रामीण संपत्तियों का प्रमाणिक रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे नागरिकों को स्वामित्व संबंधी सुरक्षा मिलेगी तथा ग्राम पंचायतों को भी योजनाबद्ध विकास एवं संपत्ति प्रबंधन में सुविधा होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रारंभिक एवं अंतिम प्रकाशन, दावा.आपत्ति के निराकरणए अधिकार अभिलेख निर्माण तथा ग्राम सभाओं के आयोजन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करेंए ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराए जा सकें। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में संचालित आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में प्रगति अपेक्षित नहीं है, वहां नियमित निगरानी कर बाधाओं का तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि स्वीकृत भवनों का निर्माण निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने तहसीलवार नक्शा बंटांकन की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित तहसीलदारों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए राजस्व सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े राजस्व मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।





# रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक रावण बने यश की मिली पहली झलक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली।

लाइफ Style



# रकुल
## रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगा।

## हॉलीवुड मसाला




# त्साही ने बॉलीवुड गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** फौदा के इस मशहूर स्टार त्साही ने इजराइल के पॉपुलर डांस शो 'डांसिंग विद द स्टार्स' में बॉलीवुड गाने 'मुंडियां तो बचके रहीं' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी, जो अब चर्चाओं में आ गई है। त्साही ने बताया कि ये परफॉर्मेंस उन्होंने भारत, उसकी संस्कृति और बॉलीवुड को ट्रिब्यूट देने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत में काम करने और लोगों से मिलने का उनका अनुभव बेहद खास रहा। इस खास मौके पर इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह भी शो में मौजूद रहे।




# बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का मिला था अवार्ड ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने होम अलोन 2, माई लेफ्ट फुट जैसी फिल्में की। कैजुअल्टी जैसी ड्रामा सीरीज की। उन्हें माई लेफ्ट फुट के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड मिला था। ब्रेंडा फ्रिकर का जन्म डबलिन में हुआ था। उन्होंने थिएटर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद टीवी की दुनिया में कदम रखा। आगे चलकर वह फिल्मों में अभिनय करने लगीं। साल 1977 में ब्रेंडा फिल्म 'कोरोनेशन स्ट्रीट' में नजर आईं। साल 1978 में प्ले फॉर टुडे और लिकिंग हिटलर में भी उन्होंने काम किया। ब्रेंडा फ्रिकर ने बीबीसी के लिए एक मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' भी किया था, इसमें उन्होंने नर्स मेगन का रोल किया था। वह इस शो से कई वर्षों तक जुड़ी रहीं।



# नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।



# नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

**मुंबई।** फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया।

## टीवी मसाला



# शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है।

## लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?



**नई दिल्ली।** जब 'लॉक अप: सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'।

# आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

**मुंबई।** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया।






# चर्चा में आया सलमान का नया लुक! कुछ लोगों ने धर्मेंद्र से की तुलना

**मुंबई।** सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई फैंस ने इसलिए चिंता जताई है कि सलमान खान की सेहत काफी घट गई है। सलमान खान दशकों से अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। ऐसे में उनकी सेहत का घटना उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है। आपको बता दें कि सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हल्के ऑलिव ग्रीन रंग की शर्ट पहनी। उन्होंने कैप से अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनका चेहरा पहले की तुलना में काफी अलग नजर आ रहा है। वह काफी थके हुए नजर आए। इसलिए उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सलमान खान के लुक को लेकर एक यूजर ने लिखा 'सलमान खान को क्या हुआ? पहले मुझे लगा कि वह सलमान खान नहीं है, फिर मैंने शेरा को देखा। वह धर्मेंद्र के जैसे उम्रदराज लग रहे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'दोस्तों सलमान खान को क्या हुआ है? उनका चेहरा देखिए, वह दादा की तरह लग रहे हैं। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं।'



### किरदार में ढलने के लिए ली सख्त ट्रेनिंग

कुछ दूसरे फैंस ने अंदाजा लगाया कि हो सकता है कि सलमान खान ने अपनी नई फिल्म के लिए अपना लुक बदला हो। कुछ यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि सलमान खान की बढ़ती उम्र की वजह से ऐसा हुआ होगा। इस मामले पर अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं।

## मैंने प्यार किया से मिली ब्लॉकबस्टर सफलता और पहचान

# लता-रफी ने गाए जिनके गीत, ताउम्र झेलनी पड़ी बी-ग्रेड फिल्मों की मार

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई संगीतकार और गीतकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र मेहनत की, लेकिन शायद उन्हें सफलता तब हासिल हुई, जब जिंदगी के वह आखिरी पड़ाव पर थे। सिनेमा में एक ऐसे ही गीतकार रहे, जिन्होंने खूब मेहनत की, जिनके लिखे गीतों को लता मंगेशकर ने गाया। मोहम्मद रफी भी जिनके लिखे गीतों को गा चुके हैं। आज कहानी उसी फनकार की...*



### कौन थे असद भोपाली?

आज जिस फनकार का जिक्र हम कर रहे हैं उनका नाम था असद भोपाली। असद भोपाली ने अपने करियर में कम लेकिन बेहद कल्ट गाने लिखे, जिन्हें पसंद करने वालों की फेहरिस्त आज भी है। यहां तक कि उनके गाने आज भी सुपरहिट हैं। हालांकि उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई, जिसके वह हकदार थे। असद भोपाली का जन्म मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 जुलाई 1921 को को हुआ था। उनका असली नाम असदुल्लाह खान था। हालांकि फिल्मों में आने के बाद उनका नाम बदल गया। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे, तो ऐसे में उन्हें इन भाषाओं का अच्छा ज्ञान था।

### ऐसे हुई कॅरियर की शुरुआत

असद भोपाली कॉलेज के दिनों से ही शेर-ओ-शायरी करते थे। वो मुशायरों में जाते थे। वो दौर आजाजी के बाद का था जब साल 1949 में मशहूर फिल्म निर्माता फाजली ब्रदर्स अपनी फिल्म 'दुनिया' के लिए नए गीतकार की तलाश में थे। दरअसल उनकी फिल्म मुख्य गीतकार आरजू लखनवी महज दो गाने लिखकर पाकिस्तान चले गए थे। ऐसे में फाजली ब्रदर्स को नए गीतकार की तलाश थी और फिर वह भोपाल एक मुशायरे में गए, जहां उनकी मुलाकात असद भोपाली से हुई। ये मुशायरा भोपाल के एक सिनेमा हॉल मालिक सुगम कपड़िया की सलाह पर फाजली ब्रदर्स ने भोपाल के 'भोपाल टॉकीज' में आयोजित करवाया। यहीं पर फाजली ब्रदर्स ने असद भोपाली को अपनी फिल्म में गीतकार के लिए साइन कर लिया।

### सिनेमा को दिए कई हिट गाने

आखिरकार फिल्म दुनिया से असद भोपाली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'रोना है तो चुपके चुपके' और सुरैया की आवाज में 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' जैसे गाने लिखे। हालांकि उनके करियर में बड़ा ब्रेक उन्हें मिला साल 1951 में आई फिल्म अफसाना से। इस फिल्म को बी.आर चोपड़ा ने बनाया था। इस फिल्म के लिए उन्होंने 6 गाने लिखे। फिल्म के एक गाने को लता मंगेशकर ने गाया और उसे असद भोपाली ने ही लिखा था। यह गाना हिट रहा और यहीं से असद भोपाली की किस्मत बदली। धीरे-धीरे ही सही लेकिन हां असद भोपाली का नाम सिनेमा में चल पड़ा।

### करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई

असद भोपाली ने अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव में भी वो कमाल किया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। साल 1989 में आई राजश्री प्रोडक्शंस की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' असद भोपाली के करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'कबूतर जा जा जा' और 'दिल दीवाना' जैसे हिट गाने लिखे। ये गाने लिखकर ये साबित किया कि वे बदलते दौर के साथ भी खुद को ढाल सकते हैं।

### 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने

असद भोपाली ने अपने 40 साल के करियर (1949-1990) में लगभग 100 से अधिक फिल्मों के लिए 400 से ज्यादा गाने लिखे। हालांकि यह नहीं है कि उनके गाने हिट नहीं हुए। उनके कुछ ऐसे कल्ट गाने भी बने, जो ब्लॉकबस्टर बने। साल 1963 में उन्होंने फिल्म पारसमणि के लिए गीत लिखे। इस फिल्म के गाने हिट रहे। फिल्म का एक गाना 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आज भी सुपरहिट है। इस गाने को लता मंगेशकर और कमल बरोत ने गाया था। इसके अलावा उन्होंने साल 1972 में आई फिल्म रूप तेरा मस्ताना के लिए 'सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे', 1965 में आई फिल्म एक सपेरा एक लुटेरा के लिए 'हम तुमसे जुदा होके, मर जाएंगे रो-रो के' समेत कई गाने गाए।

## खबर संक्षेप

### मणिप्रभा बनी जिला महिला अध्यक्ष

**कोसीर।** मणिप्रभा त्रिपाठी को छग नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन, सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिला महिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।



छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के उद्देश्यों का पालन करेंगी तथा जनकल्याणकारी कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। साथ ही संगठन के विस्तार एवं नियमों के पालन में भी सक्रिय सहभागिता देंगी।

### करंट की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत

**सरसीवा।** करंट की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 18 जुलाई की रात शराब के नशे में अपने पड़ोसी नवधा नारंग के घर के बिजली के तार को युवक सत्येन्द्र पकड़ लिया था। करंट प्रवाहित तार को छूने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सत्येन्द्र पिता राधेश्याम नगर पंचायत सरसीवा का रहने वाला था। इसकी जानकारी मृतक के पिता राधेश्याम ने पुलिस को दिया। कोसीर पुलिस ने मौके पर जाकर मर्ग पंचनामा किया। पंचनामा के बाद पीएम के लिए शव को बिलाईगढ़ सीएससी सेंटर भेजा गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी सुश्री वीणा यादव आगे की जांच कर रही है।

### प्राइवेट स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष पद्मिनी भोई साहू की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की जिला स्तरीय समिति और प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी तथा पुस्तक व ड्रेस अधिक मूल्य में बिक्री की शिकायत के लिए निगरानी एवं जांच समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम को जिले के सभी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने सह शाला त्यागी बच्चों व उनके पालक से भेंट मुलाक़ात कर उनके मन में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए दैनिक जीवन में पढ़ाई की उपयोगिता और रोजगार के अवसर क्रो समझाकर उन्हें प्रेरित करने तथा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन निर्माण में एलपीजी गैस चूल्हा का उपयोग करने के निर्देश दिए। जिले के प्राइवेट स्कूलों में स्कूल फीस वृद्धिए पुस्तक और ड्रेस में कीमत ज्यादा होने की शिकायतों की प्रभावी निगरानी एवं प्राप्त शिकायतों का परीक्षण, छत्तीसगढ़ शासकीय विद्यालय एवं फीस विनियम विधेयक 2020 के तहत कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर ने जिला स्तरीय निगरानी समिति ब्लॉक स्तरीय जांच दल को निर्देश दिए। इस बैठक में सीईओ जिला पंचायतए एसडीएमए जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारीए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए खाद्य अधिकारीए जिला प्रबंधक खाद्य नागरिक आपूर्तिए महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## नवनिर्मित नालियों और जल निकासी व्यवस्था का लिया जायजा

# संजय मार्केट नाला निर्माण में लापरवाही निगम आयुक्त ने ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सोमवार को सुबह संजय मार्केट का जायजा लिया। मानसून के मद्देनजर जलभराव की स्थिति से निपटने और बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने मार्केट परिसर के एक छोर से दूसरे छोर तक धरातलीय रूप से नाले से पानी निकासी व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से नवनिर्मित नाले से पानी की निकासी की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय को मार्केट परिसर में एक स्थान पर नाला निर्माण कार्य अधूरा मिला, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी कि जनहित के इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधूरे नाला निर्माण को समय.सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि संजय मार्केट शहर का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों नागरिकों और व्यापारियों का आना-जाना होता है। बरसात में यहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती है, पूर्व में नाले से पानी निकासी बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई थी। संजय मार्केट में निर्मित नाले से पानी निकासी बहाल रहे और यहाँ जलभराव की समस्या न होए यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने नाले की सफाई के लिए तैनात किए गए गैंग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



### 24 घंटे तैनात मुस्तैद रहेंगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तेज बारिश होने की स्थिति में यहां के लिए 24 घंटे मुस्तैद रहने, जल निकासी की व्यवस्था को बहाल रखने और पूरे परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैंए ताकि यहां के व्यापारी और यहां मार्केट करने आने वाले आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बरसात के मौसम को देखते हुए नाली और नालों से पानी निकासी पर निगरानी बनाए रखने अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल सफाई कर अवरुद्ध को और सफाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से ड्रेनेज सिस्टम प्रभावित न हो इसके लिए कचरा नियत स्थान पर ही डालने, कहीं पर भी कचरा नहीं फेंकने की अपील की।

### अग्निवीर भर्ती में मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026-27 के लिए आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा पुलिस लाइन उर्दना में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई उत्तीर्ण की है वे इस प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जुलाई तक अपना आवेदन कार्यालयीन ई.मेल पर भेज सकते हैं अथवा सीधे पुलिस लाइन उर्दनाए रायगढ़ पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रशिक्षण एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय से अथवा रक्षित पुलिस निरीक्षक से प्राप्त की जा सकती है।

## रामनामी परंपरा की गाथा को मिली राष्ट्रीय पहचान, मिलेगा फिल्म अवार्ड

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक समरसता को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है। प्रसिद्ध फिल्मकार भरतबाला गणपति द्वारा निर्देशित हिंदी वृत्तचित्र राम नामी को भारत के प्रतिष्ठित 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का सम्मान प्रदान किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा घोषित इस पुरस्कार के तहत फिल्म को प्रतिष्ठित रजत कमल ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के रामनामी समाज के जीवन, उनकी अद्भुत रामभक्ति, सामाजिक संघर्ष, सांस्कृतिक विरासत और जीवन मूल्यों को अत्यंत संवेदनशील एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर छत्तीसगढ़ की एक लोक परंपरा और समाज की कहानी को देश की सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का सम्मान मिलना न केवल फिल्म जगत के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर केवल प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी पहचान अब राष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूती से स्थापित हो रही है।

यह सम्मान विशेष रूप से सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, जांजगीर.चांपा और आसपास के जिलों के लिए गौरव का विषय है, क्योंकि रामनामी समाज की बड़ी आबादी इन्हीं क्षेत्रों में निवास करती है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अनेक जगहों में आज भी रामनामी समाज अपनी पारंपरिक जीवनशैली और धार्मिक मान्यताओं के साथ निवास करता है। प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अटूट आस्था, शरीर पर नाम अंकित कराने की परंपरा, सामूहिक भजन.कीर्तन और सादगीपूर्ण जीवन उन्हें अन्य समुदायों से अलग पहचान दिलाते हैं। इस क्षेत्र के लोग वर्षों से रामनामी समाज की विशिष्ट संस्कृति के साक्षी रहे हैं। इसलिए इस समाज पर बनी डॉक्यूमेंट्री को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च सम्मान मिलना पूरे अंचल के लोगों के लिए गर्व और आत्मसम्मान का विषय माना जा रहा है। यह सम्मान केवल एक फिल्म की सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत की राष्ट्रीय स्वीकृति है।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ कुकुर्दा में भगवान जगन्नाथ की निकली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पावन रथयात्रा ग्राम कुकुर्दा में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें कर्ता के रूप मे ग्राम गौंटिया मनोज गुप्ता, महेश गुप्ता, दौलत गुप्ता, नेत्रानंद प्रधान एवं पंडित ग्राम कुकुर्दा महाराज सत्यम पंडा थे। इसमें जय गणेशा युवा समिति के युवा टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महाप्रभु के दर्शन किए तथा रथ की पावन डोरी खींचकर स्वयं को धन्य महसूस किया।

पूरे ग्राम में जय श्री जगन्नाथष के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजन.कीर्तन, पूजा.अर्चना एवं आरती में सहभागिता कर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे ग्राम में जय श्री जगन्नाथ के जयघोष, भजन.कीर्तन एवं शंखध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा जी की विधिवत पूजा.अर्चना एवं महाआरती सम्पन्न हुई। इसके पश्चात महाप्रभु का रथ नगर भ्रमण के लिए निकला, जहाँ श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।



आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों, युवाओं, महिलाओं तथा समस्त भक्तजनों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में महाप्रभु से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर सेवा में पंण सत्यम पंडा ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा प्रेम, सेवाए समरसता और मानव कल्याण का संदेश देती है तथा सभी भक्तों से धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान करती है।

## उत्तम इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण और शपथ ग्रहण समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उत्तम इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत विद्यालय की नव-निर्वाचित छात्र परिषद के लिए अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों की शपथ दिलाकर उनमें नेतृत्व अनुशासन, सेवा भावना तथा जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन गौतम चौधरी, डायरेक्टर संजय चौधरी, एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल श्रीवास, समन्वयक सुश्री जूली केशरवानी एवं कार्यक्रम प्रभारी सुश्री गरिमा शर्मा द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भोजराम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं संस्था के चेयरमैन गौतम चौधरी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि नेतृत्व केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के अनुरूप विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ.साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। संस्था के डायरेक्टर संजय चौधरी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। यह समारोह विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक एवं प्रभावी नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## एकताल में एनटीपीसी लारा के विविध आयोजन स्कूल को दिए फर्नीचर, लगा नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत ग्राम पंचायत एकताल में विद्यालय को फर्नीचर हस्तांतरित किया, ग्रामीणों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया तथा स्कूली विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्टेशनरी सामग्री, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शिका एवं रेनकोट वितरित कर स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की।




कार्यक्रम में जाकिर खान, महाप्रबंधक मानव संसाधन, एनटीपीसी लारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिलाष, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं विधिद्ध सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नेत्र जांच शिविर के दौरान विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का विस्तृत नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव में ही गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय के विद्यार्थियों को वितरित की गई शैक्षणिक सामग्री एवं रेनकोट का उद्देश्य उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करनाए अध्ययन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना तथा वर्षा ऋतु में विद्यालय आने.जाने में सुविधा सुनिश्चित करना था। वहीं विद्यालय को उपलब्ध कराया गया नया फर्नीचर विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शिक्षण वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जाकिर खान ने कहा कि एनटीपीसी लारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सतत एवं प्रभावी पहल के माध्यम से आसपास के गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध कराई गई शैक्षणिक सामग्री का सदुपयोग करने तथा ग्रामीणों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया। ग्रामीणोंए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एनटीपीसी लारा की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामग्री वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह पहल आसपास के समुदायों के स्वास्थ्यए शिक्षा एवं जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एनटीपीसी लारा की निरंतर प्रतिबद्धता का परिचायक है।

## स्मार्ट मीटर के जरिए जनता की जेब पर डाका, कांग्रेस ने की हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाखा यादव ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद हजारों उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित रूप से चार से पांच गुना तक वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। गरीब, मध्यम वर्गीय और मेहनतकश परिवार बढ़ते बिजली बिलों के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

महंगाई और बेरोजगारी के भीषण दौर में आदमी बमुश्किल 10-12 हजार रुपए महीना कमा पाता है उसमें से 3-4 हजार रुपए स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली बिल का पटाना पड़ रहा ऐसे में बचे हुए पैसे से राशन, इलाज, दवाई और बच्चों के पढ़ाई का खर्च बहुत ही संकट भरा जीवन हो गया है। कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने उपभोक्ताओं की सहमति के बिना जबरन स्मार्ट मीटर लगाकर जनता के अधिकारों का हनन किया है। यदि किसी उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए तो उसकी इच्छा का सम्मान किया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की सहमति को दरकिनार कर इस प्रकार का निर्णय थोपना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। विद्युत अधिनियम 2003 के तहत उपभोक्ता को मीटर चुनने का अधिकार स्वैच्छिक है कोई अनिवार्यता या बाध्यता नहीं है इस तथ्य को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने सदन में भी बोल चुके हैं। कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की है।




### सरपंच पति पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने सरपंच पति पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम किरीत निवासी राजन पात्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जुलाई को वह सचिव के साथ किरनेश चाईस सेंटर में तालाब ठेका संबंधी निविदा सूचना जारी कराने गया था। वहां गांव का संतोष साहू मिला, जिसने गोठान के पास सरकारी जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर रखा है।

## जनदर्शन में पहुंचे फरियादियों की कलेक्टर ने सुनी फरियाद

# स्वास्थ्य केंद्र जर्जर, एंबुलेंस भी नहीं, नहीं हो पा रहा है इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम कंडूरजा के ग्रामीणों ने विजयनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी भवन के जर्जर होने तथा क्षेत्र में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं होने से हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने पुराने भवन को हटाकर नया भवन निर्माण कराने तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शासकीय प्राथमिक शाला नटवर के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी देते हुए अतिरिक्त शिक्षक की मांग की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



ग्राम पंचायत तेलीकोट के ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच की मांग की। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अमलीभौना की सोनिया देवांगन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, जूटमिल रायगढ़ निवासी शनि कुमार साहू ने अपनी दिव्यांग पुत्री को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने, विजयपुर के ग्रामीणों ने नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण, ग्राम मुरालीपाली की बबीता यादव ने दिव्यांग होने के कारण स्वरोजगार हेतु सहायता, ग्राम नवापारा मिलूपारा की दयावती ने अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने तथा खरसिया के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक आदित्य शंकर राय ने अर्जित अवकाश के नगदीकरण एवं सामान्य भविष्य निधि की राशि के भुगतान के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न मांगों शिकायतों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए।

### डेढ़ किमी सड़क और बारिश में कट जाता है 170 परिवार

लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम केन्दाटिकरा पंचायत रुडुकेला के ग्रामीणों ने उरांवपारा केन्दाटिकरा गौरसाय घर से पीठाआमा तक लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा होने के कारण बरसात में पूरी तरह कीचड़युक्त हो जाता है, जिससे लगभग 170 आबादी प्रभावित होती है। स्कूली बच्चों के आवागमन के साथ.-साथ आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और अन्य चारपहिया वाहनों का संचालन भी बाधित हो जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क स्वीकृत करने का आग्रह किया।



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन आवेदन प्रेषित कर सकते है।

### 15 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**चांपा।** पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चांपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोसमदा में दबिश दी। इस दौरान कोसमंदा निवासी जगत राम बसोड उम्र 27 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 3 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### सरपंच पति पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने सरपंच पति पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम किरीत निवासी राजन पात्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जुलाई को वह सचिव के साथ किरनेश चाईस सेंटर में तालाब ठेका संबंधी निविदा सूचना जारी कराने गया था। वहां गांव का संतोष साहू मिला, जिसने गोठान के पास सरकारी जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर रखा है। पंचायत की ओर से उसे अतिक्रमण हटाने के लिए तीन बार नोटिस जारी किए जाने की बात पर वह भड़क गया। संतोष साहू ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने पास रखे फावड़े से राजन पात्रे के सिर पर वार कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी संतोष साहू उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम किरीत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, 9 जुआरी पकड़े गए

**अकलतरा।** जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अकलतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम तरौद में जुआ खेल रहे 9 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 29 हजार रुपये नकद एवं ताश की पत्तियां बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिलेभर में जुआ एवं सट्टा गतिविधियों पर लगातार अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम तरौद में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 जुलाई की देर शाम दबिश दी और मौके से 9 जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 29 हजार रुपये नगद एवं ताश की पत्तियां जब्त कर सभी के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। पकड़े गए जुआरियों में चित्र विजय सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी जोगीडिपा, उमाशंकर साहू उम्र 37 वर्ष निवासी किरारी, विनोद कुमार पाटले उम्र 50 वर्ष निवासी अमरताल, अरविंद कुमार यादव उम्र 40 वर्ष निवासी मुड़पार, पवन कुमार जोगी उम्र 40 वर्ष, कुमार गौरव नोरगे उम्र 40 वर्ष, अजय रात्रे उम्र 30 वर्ष, एकलव्य दिनकर उम्र 21 वर्ष निवासी मुरलीडीह तथा फिरथ सूर्यवंशी उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 अकलतरा शामिल हैं।

## प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देशदेखा में आकाशीय बिजली का कहर

# पिकनिक मनाने गए युवक की गाज से मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- खराब मौसम में रिल बनाते समय वज्रपात से युवक की मृत्यु

जिले में वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की एक दुखद घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई। घटना 19 जुलाई को लगभग शाम 4:30 बजे किनकेल घाट के समीप खुले मैदान में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गौरव खलखो उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम भुरसा, थाना कुनकुरी अपने साथियों के साथ कार से पिकनिक मनाने देशदेखा क्षेत्र गए थे। अचानक तेज गर्जना, बिजली चमकने एवं हल्की बारिश शुरू होने के बाद बारिश कम होने पर सभी साथीयों ने फोटो खिंचवाने व रिल बनाने के लिए खुले मैदान में उतर गए। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गौरव खलखो उसकी चपेट में आ गया और बेहोश हो गया। साथियों द्वारा तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल जशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर थाना जशपुर द्वारा मर्ग कायम कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण आकाशीय बिजली (वज्रपात) की चपेट में आना पाया गया है।

### जशपुर पुलिस ने की सतर्क रहने की अपील






### सावधानी बरतें लोग

जशपुर जिला वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वर्षा ऋतु में आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विगत वर्षों में वज्रपात से जनहानि एवं पशुहानि की घटनाएं सामने आई हैं। इसे देखते जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने जिले के समस्त नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### चेतावनियों पर दें विशेष ध्यान

पुलिस कप्तान ने कहा है कि मौसम खराब होने, बादलों की तेज गर्जना, बिजली चमकने एवं वर्षा के दौरान लोग खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, जंगल तथा ऊंचे पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। ऐसी स्थिति में अनावश्यक रूप से मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा सुरक्षित भवन या पक्के आश्रय स्थल में चले जाएं। नागरिक बिजली के खंभों, हाईटेंशन तारों, मोबाइल टावरों, जलाशयों, नदियों एवं तालाबों के आसपास जाने से बचें। ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में रहने वाले लोग मौसम विभाग की चेतावनियों पर विशेष ध्यान दें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

### सुरक्षा उपायों का पालन करें

जशपुर पुलिस ने कहा है कि वज्रपात संबंधी किसी भी चेतावनी को गंभीरता से लें तथा सुरक्षा उपायों का पालन करें। आपकी सतर्कता एवं सावधानी ही आपके जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। सावधानी ही सुरक्षा है, मौसम खराब होने पर सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और जीवन की रक्षा करें।

### मनोरा तहसील में सर्वाधिक वर्षा

जिले में 1 जून से 20 जुलाई तक 2876 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3764 मिमी हुई है, जो सामान्य से 76.4 प्रतिशत है। बीते दिवस जिले में 109.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 288.3 मिमी, मनोरा में 505.8 मिमी, कुनकुरी में 347.2 मिमी, दुलदुला में 237.9 मिमी, फरसाबहार में 161.7 मिमी, बगीचा में 210 मिमी, कांसाबेल में 266.9 मिमी, पत्थलगांव में 277.1 मिमी, सन्ना में 408.9 मिमी एवं बागबहार में 172.2 मिमी वर्षा हो चुकी है।



## स्व. गोवर्धन बंग स्मृति फुटबॉल स्पर्धा का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- रोमांचक मुकाबलों में दोकड़ा और बच्छरांव की दमदार जीत

जिले के कुनकुरी विकासखंड के नारायणपुर में स्वर्गीय गोवर्धन बंग की स्मृति में आयोजित फुटबॉल महासंग्राम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की मुख्य उपस्थिति में उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बना दिया।


उद्घाटन मुकाबला सन्ना तमेया और दोकड़ा के बीच खेला गया, जिसमें दोकड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मुकाबला महुवाटोली और बच्छरांव के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक बराबरी रहने के बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बच्छरांव ने 3-1 से जीत हासिल कर अपनी दावेदारी मजबूत की। आयोजन समिति की ओर से बालेश्वर यादव, शंकर यादव, अशलाम आजाद, संतोष यादव, रामकृत नायक, नीलाम्बर यादव, छक्कन भगत, संजय यादव, संजय भगत, बन्दे सर, भारती भगत, संतोषी बन्दे, रोशन निराला, संदीप भगत, समीम शेख, अभिषेक पुरी, विकास नाग, सागिल राइन, रघु, गणेश, पुरसोत्तम देवव्रत, अनुपम हर्ष सहित सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। पूरे मैदान में खेल प्रेमियों का उत्साह देखने लायक रहा। स्वर्गीय गोवर्धन बंग के सुपुत्र एवं जनपद सदस्य संजीव कुमार बंग ने आयोजन समिति, खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच बनेगी।

## सब्जी लेने मंडी जा रहे बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर, 10-15 फीट ले गया घसीटते

- मौके से कार चालक वाहन छोड़कर फरार, सुबह साढ़े तीन चार बजे की घटना
- एक की मौत एक घायल

**रायगढ़।** कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। ठोकर इतनी जबरदस्त थी की कार ने बाइक को करीब 10-15 फीट घसीटते ले गया। इस हादसें में एक युवक की जहां मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कार चालक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जूटमिल पुलिस तलाश कर र ही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े तीन चार बजे टिकरापारा निवासी उमेश ठाकुर अपने साथी संदीप शाह के साथ पटेलपाली मंडी सब्जी लेने जा रहे थे। इसी दौरान चंद्रपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पंच कार के चालक ने बाइक सवारों को



अपनी चपेट में ले लिया। ठीक मंडी गेट के सामने हुए इस हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कारण मंडी रात से ही चालू हो जाती है। ऐसे में वहां भीड़ रहती है। किसानों की आवाजाही हो रही थी। किसानों ने ही पुलिस को इसकी सूचना दी। जूटमिल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पूंजीपथरा में भी हादसा

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में ही हादसा हो गया। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पोढ़ीशंकर निवासी 24 वर्षीय नितेश साहू, झालौंदा निवासी 40 वर्षीय मुकेश उर्फ मानिसंह चौहान और संदीप लदेर तीनों तराईमाल स्थित प्लांट में मजदूरी करते हैं। रविवार की देर रात तीनों बाइक से काम करने प्लांट जा रहे थे। दशमेष पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरे बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक पर जयपाल 24 और शिव सवार थे। सभी सड़क पर गिरे पड़े थे। इसी दौरान पीछे से अज्ञात भारी वाहन ने सड़क पर गिरे नितेश और मुकेश को कुचलते हुए फरार हो गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शव को पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। अज्ञात वाहन की पूंजीपथरा पुलिस तलाश कर रही है।

## कलेक्टर ने की स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की समीक्षा

- बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य, बिना ठोस कारण अनुपस्थित रहने वालों पर होगी कार्रवाई

**जशपुरनगर।** विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में पाठ्यपुस्तकों के वितरण, विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थितिए विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, जश लर्न कार्यक्रम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा तथा सभी विकास खंडों के बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की



जाएगी बैठक में कलेक्टर ने सभी शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति बिना किसी ठोस कारण के दर्ज नहीं होगी, उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।कलेक्टर ने जिन विद्यालयों में अभी तक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हुई हैं, वहां शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों की अपार आईडी तत्काल बनाने के निर्देश भी दिए।

## खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालते समय इंजन पलटने से दबकर चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** खेत में जोताई करते समय फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने के दौरान दबकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रैक्टर के इंजन का अगला हिस्सा उपर उठ गया और पलट गया। ग्रामीण के मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इधर इस घटना से परिजन में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामनगर निवासी बालम सिंह नेटी आ. भज्जू राम ग्राम तेंदूटिकरा निवासी अपने रिश्तेदार के खेत में ट्रैक्टर लेकर जुताई करने गया हुआ था। जुताई करते समय ट्रैक्टर का इंजन



कीचड़ में बुरी तरह से फंस गया था। बालक सिंह फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान उसने ट्रैक्टर में लगे नागर को निकालकर अलग कर दिय और केज बिल में दोनों तरफ मोटी मोटी बल्ली फंसाकर ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बल्ली के सहारे ट्रैक्टर को खींचते समय ट्रैक्टर का अगला हिस्सा ऊपर उठ गया और ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से बालम सिंह उसके नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

## कृष्ण की दही-हांडी लीला ने भक्तों को किया मंत्रमुग्ध



**जशपुरनगर।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव दोकड़ा के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय श्री जगन्नाथ कथा का तृतीय दिवस रविवार को भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कथा वाचक एवं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कीर्तन गायक कामता प्रसाद शरण जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं किशोर लीलाओं का मनमोहक वर्णन करते हुए विशेष रूप से दही-हांडी (माखन चोरी) लीला का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के साथ संगीतमय भजनों और कीर्तन से पूरा कथा पंडाल ₹जय श्रीकृष्ण₹ और ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के प्रेम का दिव्य प्रतीक है। श्रीकृष्ण का गोप-बालकों के साथ मिलकर दही-हांडी फोड़ना, गोकुल की गलियों में नटखट बालक के रूप में विहार करना तथा गोपियों के साथ उनकी प्रेममयी लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, सरलता, आनंद और निष्काम भक्ति का संदेश देती हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने बताया कि कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। विवाह प्रसंग के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, मंगल गीत, संगीतमय भजन-कीर्तन तथा विशेष महाआरती का आयोजन होगा।

### श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला में गहरा आध्यात्मिक संदेश छिपा

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला में गहरा आध्यात्मिक संदेश छिपा है। दही-हांडी लीला यह सिखाती है कि सामूहिक प्रयास, एकता, प्रेम और विश्वास से जीवन की हर ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। कथा के दौरान श्रद्धालु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण कर भाव-विभोर हो उठे और पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। संध्या के समय प्रस्तुत संगीतमय भजन-कीर्तन में श्रद्धालु झूम उठे। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान किया तथा भगवान श्री जगन्नाथ और श्रीकृष्ण के चरणों में सुख, शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

### दोकड़ा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का वातावरण

समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर इस दिव्य एवं अलौकिक विवाह उत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया है। श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के चलते पूरे दोकड़ा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का वातावरण बना हुआ है।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध